भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1834

उत्तर देने की तारीख 13 दिसम्बर, 2023

आंध्र प्रदेश में डाकघर

1834. श्री श्रीधर कोटागिरी :
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में डाकघरों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) आंध्र प्रदेश में ऐसे डाकघरों की जिले-वार संख्या का ब्यौरा क्या है, जो इंटरनेट से नहीं जुड़े हैं; और

(ग) राज्य के सभी डाकघरों को डिजिटाइज करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) आंध्र प्रदेश में डाकघरों की कुल संख्या 10,668 है।

(ख) इंटरनेट से नहीं जुड़े डाकघरों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(ग) आंध्र प्रदेश के 35 शाखा डाकघरों को छोड़कर, शेष सभी डाकघरों को कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस), कोर बीमा समाधान (सीआईएस), कोर सिस्टम इंटीग्रेटर (सीएसआई) लागू कर और शाखा डाकघरों को मोबाइल उपकरण प्रदान कर, डिजिटाइज कर दिया गया है।

<u>अनुबंध</u>

'आंध्र प्रदेश में डाकघर' विषय के संबंध में लोक सभा के दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 के अतारांकित प्रश्न सं. 1834 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**इंटरनेट से नहीं जुड़े डाकघरों की संख्या**
1	अल्लूरि सीतारामराजु	21
2	वाईएसआर कडप्पा	1
3	अन्नामय्या	1
4	श्री सत्य साई	11
5	नंदयाल	1
कुल		**35**

*****